| RVUN | RVPN | JVVN | AVVN | JdVVN |
|---|---|---|---|---|

# राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

: प्रेस विज्ञप्ति :

## विद्युत निगमों में तकनीशियन–तृतीय (आई.टी.आई.) की ''मुख्य परीक्षा'' 23 फरवरी 2026 को

**पहली बार ''आधार'' से सत्यापन**

जयपुर, 22 जनवरी 2026

राजस्थान राज्य के विद्युत निगमों में तकनीशियन–तृतीय (आईटीआई)/ ऑपरेटर–तृतीय (आईटीआई)/ प्लांट अटेंडेन्ट–तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन मुख्य परीक्षा का आयोजन राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर 23 फरवरी, 2026 को दो पारियों में किया जावेगा। मुख्य परीक्षा की स्कीम एवं सिलेबस संबंधी सम्पूर्ण जानकारी विद्युत निगमों की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। मुख्य परीक्षा की समयावधि 2 घंटे की होगी जिसमें 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होगें। गलत उत्तर देने पर निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान है।

ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की युवाओं को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता अनुसार विद्युत निगमों में तकनीशियन–तृतीय (आईटीआई)/ ऑपरेटर–तृतीय (आईटीआई)/ प्लांट अटेंडेन्ट–तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन 24 से 27 नवम्बर, 2025 तक किया गया था। प्रारम्भिक परीक्षाओं का परिणाम दिनांक 09.01.2026, 13.01.2026 एवं 16.01.2026 को घोषित किया गया था जिसमें रिक्तियों के लगभग दस गुणा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा के लिए ग्रुप –I में 22,893, ग्रुप –II में 360, ग्रुप –III में 175 एवं ग्रुप –IV में 361 अभ्यर्थियों को क्वालीफाई किया गया है।

इन भर्तियों की नोडल एजेंसी विद्युत उत्पादन निगम द्वारा यह भी बताया कि मुख्य परीक्षाओं के दौरान अनुचित संसाधनों, नकल आदि की रोकथाम हेतु इस बार और भी अधिक कड़े कदम उठाते हुए पहली बार प्रत्येक अभ्यर्थी का ''आधार'' से सत्यापन भी किया जावेगा। पूर्व की भांति अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान के साथ–साथ आइरिस (IRIS) स्कैन करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों की लाइव फोटो को अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र भरते समय अपलोड की गयी स्कैन फोटो व लाइव फोटो से और प्रारम्भिक परीक्षा के दौरान ली गई लाइव फोटो से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित तकनीक से वेरिफाई किया जायेगा। अभ्यर्थी की पुख्ता पहचान सुनिश्चित होने पर ही उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने हेतु सभी कमरों में परीक्षा के दौरान सीसीटीवी से निगरानी भी की जावेगी।

––––––